# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार के अंतर्गत रक्षा मंत्रालय का उद्यम)

निगम कार्यालय : गच्चीबाउली, हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-सीसी/एमआर/06 दि. 09.07.2026

प्रेस-विज्ञप्ति

## श्री शैलेश वगेरवाल ने बीडीएल के सीएमडी का कार्यभार ग्रहण किया



**श्री शैलेश वगेरवाल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल**

**श्री शैलेश वगेरवाल** ने आज भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

भारतीय आयुध निर्माणी सेवा (आई ओ एफ एस) के एक प्रतिष्ठित अधिकारी श्री वगेरवाल को रक्षा विनिर्माण में लगभग तीन दशकों का समृद्ध और विविध कार्य-क्षेत्रों का विस्तृत अनुभव प्राप्त है।

श्री शैलेश वगेरवाल एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज, जोधपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ़ इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त की है। आगे, इन्होंने क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम से विस्फोटक आयुध इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ़ साइंस की डिग्री भी हासिल की है।

रक्षा विनिर्माण में अपने उत्कृष्ट कैरियर के दौरान, इन्होंने आयुध निर्माणी, दमदम, आयुध निर्माणी, इटारसी, आयुध निर्माणी, खमरिया और रक्षा उपक्रम म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के निगम कार्यालय पुणे में कई प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएँ दीं।

पिछले कई वर्षों में श्री वगेरवाल ने गोला-बारूद और विस्फोटक उत्पादन, प्रशासन, रणनीतिक योजना, सामग्री प्रबंधन, गुणता आश्वासन, संयंत्र और मशीनरी की खरीद, परियोजना प्रबंधन, सिविल कार्य, अनुसंधान एवं विकास, निर्यात और संव्यवहार विकास, मानव संसाधन प्रबंधन और औद्योगिक संबंधों में गहन विशेषज्ञता हासिल की है।

बीडीएल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद पर कार्य-भार ग्रहण करने से पहले इन्होंने म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की इकाई, आयुध निर्माणी, खमरिया, जबलपुर में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएँ दीं।

---XXX---